सुविचार

रिश्ता चाहे इस धरती पर कोई भी हो, सबका सिर्फ एक ही पासवर्ड है, भरोसा।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 57 | पंचकूला। शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटा दिया है। उनकी जगह यह पोस्ट राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल दे दी है। पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर यह जानकारी दी। लेटर में कहा कि सदन में पार्टी की तरफ से बोलने का समय न दिया जाए। राघव 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। उनका कार्यकाल 2028 तक है। पार्टी ने इस फैसले की वजह नहीं बताई है। हालांकि, उन्होंने लंबे समय से पार्टी से दूरी बना ली थी और AAP को लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं। 27 फरवरी को जब एक निचली अदालत से अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में राहत मिली, तब भी उन्होंने कोई बयान नहीं दिया था। राज्यसभा में वे लोगों से जु? गिग वर्कर्स और स्कूल फीस जैसे मुद्दे उठा रहे थे।

### होर्मुज संकट पर ब्रिटेन में बैठक, भारत भी शामिल होगा, 35 देश लेंगे हिस्सा

**तेहरान/वॉशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन में जल्द एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय बैठक होने जा रही है, जिसमें करीब 35 देश हिस्सा लेंगे। इस बैठक का मकसद होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने पर चर्चा करना है। भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी इसमें शामिल होंगे। होर्मुज स्ट्रेट से दुनिया भर के 20 फीसदी ऑयल का ट्रांसपोर्ट होता है। जंग की वजह से जहाज इस रूट से नहीं गुजर पा रहे हैं, जिससे कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर से ज्यादा हो गए हैं। वहीं, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। ईरान का कहना है कि यह रास्ता तभी खुलेगा जब उनकी शर्तें मानी जाएंगी।

### भारती एयरटेल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** भारती एयरटेल ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने दुनिया भर में 650 मिलियन (65 करोड़) ग्राहकों का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही कंपनी सब्सक्राइबर बेस के लिहाज से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर बन गई है। सुनील भारती मित्तल के नेतृत्व वाली इस दूरसंचार कंपनी ने भारत और अफ्रीका में अपनी मजबूत मौजूदगी बनाई है। जीएसएमए इंटेलिजेंस के आंकड़ों के अनुसार, अकेले भारत में ही एयरटेल के 368 मिलियन से ज्यादा मोबाइल यूजर्स हैं। इसमें 13 मिलियन घर ऐसे हैं जो फिक्स्ड ब्रॉडबैंड से जुड़े हैं और 15 मिलियन ग्राहक कंपनी की डिजिटल टीवी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। अफ्रीका में इसकी सहायक कंपनी एयरटेल अफ्रीका 14 देशों में 179 मिलियन ग्राहकों को सेवाएं दे रही है। यहां कंपनी हाई-स्पीड डेटा, वॉयस सेवाएं और मोबाइल मनी जैसी सुविधाएं देती है, जहां 52 मिलियन से ज्यादा यूजर्स इसके फाइनेंशियल सर्विस प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं।

# बीजेपी के पंजाब हेडक्वार्टर को उड़ाने की थी साजिश, अटैक में हुआ पाकिस्तान मेड जीएचडी 2पी ग्रेनेड का इस्तेमाल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ में ग्रेनेड फेंककर बीजेपी के पंजाब हेडक्वार्टर को उड़ाने की साजिश थी। हालांकि हमलावर ऑफिस और स्लिप रोड की दूरी की वजह से चूक गए। यही वजह है कि उनका फेंका हैंड ग्रेनेड दीवार पर टकराकर बाहर ही फट गया। हमले के बाद वह मोहाली की तरफ भाग गए। जांच के बाद ग्रेनेड अटैक करने से लेकर फरारी तक की पूरी प्लानिंग सामने आ गई। ग्रेनेड का पाकिस्तानी कनेक्शन भी मिला।

बीजेपी ऑफिस पर अटैक की जांच से जुड़े अफसरों ने बताया कि ग्रेनेड फेंककर बीजेपी के पंजाब हैडक्वार्टर को उड़ाने की साजिश थी लेकिन हमलावर ऑफिस और स्लिप रोड की दूरी की वजह से चूक गए। यही वजह है कि उनका फेंका हैंड ग्रेनेड दीवार पर टकराकर बाहर ही फट गया। हमलावर हमले के बाद मोहाली की तरफ फरार हो गए।

जांच अफसरों ने बताया कि इस हमले में जीएचडी2पी ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया था। यह हैंड ग्रेनेड खास तौर पर पाकिस्तान में ही बनाए जाते हैं। अफसरों के मुताबिक ग्रेनेड फटने के बाद यह लगभग 5 से 10 मीटर के दायरे में ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसी वजह से बीजेपी आफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रे जैसे निशान दिखे। एक कार का शीशा भी टूट गया था। इसके अलावा इनके टुकड़े भी 20 से 25 मीटर तक जा सकते हैं। इससे कोई भी गंभीर घायल हो सकता है। हालांकि इस अटैक में उस वक्त आसपास कोई नहीं था और बिल्डिंग की बाउंड्री ऊंची थी, इस वजह से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ।

## पंजाब बीजेपी मुख्यालय पर ग्रनेड हमले के मामले में अहम खुलासे

### बीजेपी ऑफिस के भीतर ग्रेनेड फेंकने से कैसे चूके हमलावर

चंडीगढ़ के सेक्टर 37 में बीजेपी का पंजाब हेडक्वार्टर है। इसके आगे से सेक्टर 37-24 रोड गुजरती है। रोड से बीजेपी ऑफिस के बीच के स्ट्रक्चर की बात करें तो रोड के बाद 5 फीट चौड़ा फुटपाथ आता है। इसके बाद 10 फीट की स्लिप रोड है। इसके बाद 15 फीट की पार्किंग है। इसके बाद बीजेपी के ऑफिस की बाउंड्री आती है। बीजेपी ऑफिस के फ्रंट की चौड़ाई 40 फीट है। इसमें 15 फीट में अंदर जाने के लिए गेट बना हुआ है जबकि 25 फीट पर 3 फुट ऊंची ईंट की दीवार और उसके ऊपर 2 फुट ऊंची एल्युमिनियम की ग्रिल लगी है। ग्रिल में चौड़ाई में ढाई-ढाई फुट पर एंगल और ऊंचाई में 6-6 इंच के बाद एंगल लगे हुए हैं। ऑफिस के अंदर जाने के 15 फुट के रास्ते के गेट पर सीआरपीएफ की चेकपोस्ट है। चेकपोस्ट के जरिए ऑफिस के आगे पूरी नजर रखी जा सकती है। बाउंड्री के अंदर 20 फीट खाली है, जिसके बाद बीजेपी ऑफिस की बिल्डिंग शुरू होती है। हमलावरों ने ग्रेनेड अटैक स्लिप रोड से किया, जो बिल्डिंग की बाउंड्री से 20 फीट और मेन बिल्डिंग से 40 फीट दूर है। हमलावर एल्युमिनियम ग्रिल वाली दीवार के अंदर ग्रेनेड फेंकना चाहते थे लेकिन वह दूरी का सही अंदाजा नहीं लगा पाए और ग्रेनेड बाहर सीआरपीएफ चेकपोस्ट के उलटी साइड दीवार के कॉर्नर पर गिरा और वहीं ब्लास्ट हो गया। अगर हमलावर दीवार के पास से फेंकते तो ग्रेनेड अंदर बिल्डिंग तक जा सकता था। जिससे न केवल बिल्डिंग के शीशे टूटते बल्कि बिल्डिंग को भी नुकसान हो सकता था। मगर, सीआरपीएफ चेकपोस्ट या फिर प्लानिंग में चूक से वह ग्रेनेड अंदर नहीं फेंक पाए। हमलावरों का निशाना चूक गया था, यह उस वायरल वीडियो में भी सामने आया, जिसमें ग्रेनेड फटने के बाद वह अपशब्द कहते हुए नजर आए।



### पंजाब में खालिस्तानी आतंकी ही लेते हैं हमले की जिम्मेदारी

पंजाब में हर ग्रेनेड अटैक की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी ही लेते हैं। इनमें हैप्पी पासियां प्रमुख आतंकी चेहरा है। इसके अलावा दुबई में बैठा पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी भी ऐसे अटैक कराने का दावा करता है। इस लिहाज से शुरुआती जांच में यह माना जा रहा है कि इसके पीछे खालिस्तानी एंगल हो सकता है। लेकिन अर्थ प्रकाश इसकी पुष्टि नहीं करता। बीजेपी ऑफिस पर हमले के बाद भी सुखजिंदर सिंह बब्बर नाम के व्यक्ति ने जिम्मेदारी ली। उसमें भी उसने खालिस्तान बनाने का जिक्र किया। इसके अलावा गुरदासपुर में एएसआई और होमगार्ड जवान के कत्ल मामले के आरोपी रणजीत सिंह के एनकाउंटर का भी जिक्र किया। हालांकि पुलिस ने इस दावे को अभी तक कन्फर्म नहीं किया है। ना ही इसकी पुष्टि की जा रही।

### हमलावरों का 2 रूट प्लान, कहां से आए, कहां भागे

बीजेपी ऑफिस पर हमला करने के लिए हमलावर बाइक से आए। वह सेक्टर-36 की तरफ से यहां पहुंचे। ऐसा इसलिए क्योंकि ऑफिस पहुंचने का यही इकलौती रोड है। रोड वन वे है और बीच में ग्रिल होने की वजह से कहीं क्रॉस भी नहीं कर सकते। इससे रूट यही माना जा रहा है। फिर सेक्टर 37 में थोड़ी दूर बाइक खड़ी कर हमलावर बीजेपी ऑफिस के पास आए। वहां खड़े होकर हमले के सटीक टाइम का वेट करते रहे। इसकी फुटेज सामने आई है। इसके बाद उन्होंने स्लिप रोड से ग्रेनेड फेंका। इसके बाद वह पैदल भागते हुए दिखे। यह ग्रेनेड अटैक के वीडियो में दिख रहा है। इसके बाद वह सेक्टर 38 की तरफ पैदल भागे। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वह 37-38 चौक से बाएं मुड़े। यहां से वह सेक्टर 38 में पेट्रोल पंप के सामने से दिखे। इसके बाद वह मोहाली भाग गए। मोहाली भागने की बात इसलिए पुख्ता होती है क्योंकि पंप की जिस सर्विस रोड पर वह नजर आए, उसमें कहीं मुड़ने का रास्ता नहीं है, वह सीधे मोहाली जाती है। इसके अलावा फरारी का एक और रूट नजर आ रहा है। जिसमें फुटेज में यह पैदल भागते हुए दिख रहे हैं। इसके बाद इन्होंने सेक्टर 37-24 की रोड की ग्रिल पार की। फिर ये वीआईपी एरिया की तरफ भागते दिखे, जहां अधिकरी रहते हैं। इसके बाद इनके सेक्टर 37-38 रोड से सीधे न्यू चंडीगढ़ के रास्ते मोहाली में जाने का शक है। यहां से आगे कुराली और बद्दी के लिए रोड निकल जाती है। हालांकि दोनों में से कौन सा रूट इन्होंने फरारी के लिए यूज किया, इसको लेकर इनकी गिरफ्तारी या पुलिस की औपचारिक पुष्टि का इंतजार है।

# ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल, पत्नी की मौत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।

खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर



गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।

खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

### ट्रम्प बोले- ईरान पर जीत हासिल की, उनकी सेना हमारे कंट्रोल में

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।

### पश्चिम बंगाल में 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर बंधक सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमें पता है उपद्रवी कौन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया। मालदा में लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

# पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, चंडीगढ़ पुलिस को भेजा ईमेल




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब बीजेपी मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट के बाद अब पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए आई थी। धमकी मिलने के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने तुरंत पूरे परिसर की जांच की। पुलिस ने पूरे हाईकोर्ट परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया और एक-एक कोर्ट की चेकिंग की। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु या बम बरामद नहीं हुआ। यह पिछले कुछ समय में चौथा मौका है, जब हाईकोर्ट को इस तरह की बम की धमकी मिली है।

धमकी आज साढ़े बारह बजे के करीब आई थी। उस समय लंच ब्रेक होने वाला था, इसलिए कोर्ट में ज्यादा काम नहीं चल रहा था। धमकी मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए मिली है। इससे पहले की 3 बार धमकियां हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की सरकारी ईमेल पर आई थीं। इस बार धमकी पुलिस हैडक्वार्टर में आई बताई जा रही है।

### जांच में कुछ नहीं मिला

पिछली बार की तरह सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की थी, लेकिन हाईकोर्ट से कुछ नहीं मिला था। बम की धमकी मिलने के बाद हाईकोर्ट में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रूटीन में भी हाईकोर्ट के अंदर बिना चेकिंग के किसी को अंदर जाने नहीं दिया जाता है।

# चंडीगढ़ की शराब हरियाणा में तस्करी करता आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** चंडीगढ़ की शराब को हरियाणा में तस्करी करते हुए एक तस्कर को पुलिस के एंटी नारकोटिक सेल ने काबू कर लिया। सेल ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस को जानकारी मिली कि सकेत?ी मार्ग पर नाकाबंदी कर एक स?ेद रंग की वरना कार से अवैध देशी शराब बरामद की है। पक?ी गई शराब केवल चंडीग? में बिक्री के लिए वैध थी, जिसे तस्करी कर हरियाणा के रास्ते ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 15 पेटी अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल टीम को 1 अप्रैल को गश्त के दौरान गुप्त सूत्र से सूचना मिली थी कि इकरार अली (23) अपनी वरना कार में चंडीग? से अवैध शराब लोड करके सकेत?ी की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर इन्चार्ज प्रवीण कुमार की अगुवाई में सकेत?ी रोड पर नाकाबंदी शुरू की। कुछ देर बाद चंडीगढ़ की तरफ से आ रही कार की तलाशी



लेने पर कार की डिग्गी से 15 पेटियां अवैध देशी शराब बरामद हुईं। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पकड़े गए आरोपी की पहचान इकरार अली निवासी महादेवपुरा, सकेतड़ी के रूप में हुई है। आरोपी बरामद शराब के संबंध में कोई भी वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। उसके के खिलाफ थाना मनसा देवी में आबकारी संशोधित अधिनियम 2020 की धारा 61(1)(ए) के तहत के तहत मामला दर्ज किया है।

**व्यापार को मजबूती** | भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंड-ऑस ईसीटीए) के चार साल पूरे

# द्विपक्षीय समझौते के बाद ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात दोगुने से अधिक

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल।** भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंड-ऑस ईसीटीए) के चार साल पूरे होने पर यह साफ हो गया है कि इस समझौते ने भारत के निर्यात को बढ़ाने और दोनों देशों के बीच व्यापार को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।

यह समझौता 2 अप्रैल 2022 को साइन किया गया था और पिछले चार वर्षों में इसने दोनों देशों में कारोबार, उद्यमियों और रोजगार के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात दोगुना से भी ज्यादा बढ़ गया है, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 4 अरब डॉलर से वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 8.5 अरब डॉलर हो गया।

वहीं, 2024-25 में दोनों देशों के



बीच कुल व्यापार 24.1 अरब डॉलर रहा, जबकि भारत के निर्यात में पिछले साल के मुकाबले 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 (फरवरी तक) में भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ कुल व्यापार 19.3 अरब डॉलर रहा। भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए के तहत, भारत ने अपनी 70.3 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर प्राथमिकता के आधार पर बाजार पहुंच दी है, जो कुल व्यापार मूल्य के 90.6 प्रतिशत को कवर करती है।

### अलग-अलग सेक्टरों में भी हुआ फायदा

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भारत से होने वाले 100 प्रतिशत आयात पर प्राथमिकता बाजार पहुंच प्रदान की है। इनमें से 98.3 प्रतिशत टैरिफ लाइनों को लागू होते ही ड्यूटी-फ्री कर दिया गया, जबकि बाकी 1.7 प्रतिशत (113 टैरिफ लाइनें) को पांच साल में धीरे-धीरे खत्म किया जा रहा है। 1 जनवरी 2026 से भारत के सभी निर्यात ऑस्ट्रेलिया में शून्य-शुल्क (जीरो-ड्यूटी) के साथ प्रवेश के लिए पात्र हो गए हैं। ईसीटीए के तहत अलग-अलग सेक्टरों में भी फायदा देखने को मिला है; खासकर टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल, केमिकल और कृषि उत्पादों के निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। वहीं आयात के मामले में यह समझौता भारत को बेस मेटल, कच्चा कपास, केमिकल, उर्वरक और दाल जैसे जरूरी कच्चे माल तक आसान पहुंच देता है, जो देश के मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्रियल सेक्टर के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस तरह का पूरक व्यापार ढांचा सप्लाई चेन को मजबूत करता है और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देता है। दोनों देशों के सहयोग में एक और बड़ा कदम 24 सितंबर 2025 को जैविक उत्पादों पर साइन हुए पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (एमआरए) के रूप में सामने आया। यह समझौता दोनों देशों के सर्टिफिकेशन सिस्टम को मान्यता देता है, जिससे जैविक उत्पादों के व्यापार में लागत, समय और प्रक्रियाओं की दोहराव कम हो जाती है।

# नहीं रहेगी सुविधाओं की कमी, स्थानीय स्तर पर ही होगा इलाज उपलब्ध: मान

**मुख्यमंत्री ने गांव चीमा में संत अतर सिंह जी महाराज अस्पताल का किया उद्घाटन; 15 गांवों के 50 हजार निवासियों को होगा लाभ**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**संगरूर, 2 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज गांव चीमा में संत अतर सिंह जी महाराज अस्पताल का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि 11.70 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और 30 बिस्तरों वाला यह अत्याधुनिक अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में हजारों लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि यह अस्पताल न केवल 15 गांवों के लगभग 50 हजार निवासियों को लाभ पहुंचाएगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की लगभग 35 से 40 हजार आबादी को भी किफायती और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराएगा। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया, मरीजों का हालचाल पूछा और उनके परिवारों से भी बातचीत की।

अस्पतालों की बदलती तस्वीर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को अधिकतर संगरूर, पटियाला और लुधियाना रेफर किया जाता था, लेकिन अब मरीज स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक मशीनों और समर्पित इमरजेंसी तथा जच्चा-बच्चा वार्डों से सुसज्जित इस अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे। इस दौरान



मुख्यमंत्री ने कहा, 'संत बाबा अतर सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा और राज्य सरकार ने इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देना और लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है। इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।'

इस नए अस्पताल के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा, आज संत अतर सिंह जी महाराज के जन्म स्थान गांव चीमा में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का उद्घाटन किया गया है। संत अतर सिंह जी महाराज ने शिक्षा और समाज सेवा में अमूल्य योगदान दिया और उनके सम्मान में इस केंद्र का नाम रखा जाना गर्व की बात है। गौरतलब है कि 11.75 करोड़ रुपये की लागत वाला यह केंद्र 30 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इस परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यह केंद्र 1975 में 10 बिस्तरों के साथ स्थापित किया गया था, जिसे बाद में 20 बिस्तरों तक बढ़ाया गया। अब क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए इसे 30 बिस्तरों तक विस्तारित किया गया है। लगभग 50 हजार लोगों को आपातकालीन और विशेष चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाला यह केंद्र क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। सड़क दुर्घटना के पीड़ितों और गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को यहां आपातकालीन देखभाल मिलेगी और सर्जिकल प्रक्रियाओं की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

# पंजाब के लोग कांग्रेस, भाजपा और अकालियों द्वारा किए गए विश्वासघात के कारण इनका पूरी तरह सफाया कर देंगे: मान

- पंजाब की पीठ में बार-बार छुरा घोंपने वालों को 2027 में फिर सज़ा दी जाएगी
- कहा-लूट, झूठ और विश्वासघात के आधार पर बनी इन पारंपरिक पार्टियों का पंजाब में कोई भविष्य नहीं



पंचकूला ऑब्जर्वर

**फाजिल्का, 2 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने फाजिल्का में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य की जनता 2027 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल को पूरी तरह सत्ता से बाहर कर देगी। उन्होंने इन पार्टियों पर ÷लूट, झूठ और विश्वासघात÷ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब पंजाब के लोग इनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दशकों तक इन पारंपरिक पार्टियों ने पंजाब और उसके लोगों के साथ धोखा किया है।

उन्होंने दावा किया कि जनता अब इन दलों के ÷संदिग्ध चरित्र÷ को पहचान चुकी है और उन्हें दोबारा सत्ता में आने का मौका नहीं देगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ईमानदारी, पारदर्शिता और जनकल्याण के एजेंडे पर काम कर रही है, जबकि विपक्ष केवल सत्ता हासिल करने के लिए खोखले वादे कर रहा है।

फाजिल्का में 283.99 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से सीमावर्ती क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सिंचाई और संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य का हर पैसा अब जनता की भलाई पर खर्च हो रहा है, न कि पहले की तरह राजनीतिक परिवारों के हितों पर। मुख्यमंत्री ने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल राज्य की संपत्ति लूटने के लिए सत्ता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन दलों का इतिहास जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात से भरा हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जनता के बीच अपना आधार खो चुके हैं और अब केवल दिखावे की राजनीति कर रहे हैं।

सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए भगवंत मान ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और 65,000 से अधिक युवाओं को बिना भ्रष्टाचार के सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इसके अलावा, टोल प्लाजा बंद करने से लोगों को राहत मिली है और रोजाना लाखों रुपये की बचत हो रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत लाखों परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सके। अब तक लाखों लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब अब विकास और पारदर्शिता के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे राज्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए इसी तरह समर्थन बनाए रखें और उन पार्टियों से सावधान रहें जिन्होंने अतीत में केवल नुकसान पहुंचाया है।

## किसानों को पहली बार धान सीजन में मिली निर्बाध बिजली

कृषि क्षेत्र में सुधारों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पहली बार धान के सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल रही है। उन्होंने बताया कि नहरी सिंचाई में भी बड़ा सुधार हुआ है और अब पहले की तुलना में अधिक क्षेत्र नहरों के पानी से सिंचित हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। स्कूल ऑफ एमिनेंस की स्थापना, प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग और सरकारी स्कूलों में सभी विषयों की उपलब्धता से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की कुंजी है और सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। महिलाओं और समाज कल्याण के लिए योजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं को मासिक आर्थिक सहायता देने की योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाना है।

# बिहार-आधारित हथियार सप्लायर सहित चार आरोपी काबू, 10 सेल्फ-लोडिंग हथियार बरामद

- गोल्डी ढिल्लों से जुड़े एक विरोधी अपराधी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे: डीजीपी गौरव यादव

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पटियाला, 2 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पटियाला पुलिस ने अंतर-राज्यीय अवैध हथियार सप्लाई मॉड्यूल से जुड़े चार आरोपियों को 10 आधुनिक सेल्फ-लोडिंग हथियारों सहित गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस



महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सौरभ कुमार निवासी गांव जारंग दीह, मुजफ्फरपुर (बिहार), साजन निवासी सोहाना (एसएएस नगर), अभिषेक उर्फ काका निवासी गुरदीप कॉलोनी अबलोवाल, पटियाला और इंद्रजीत सिंह उर्फ रोहित निवासी पुराना बिशन नगर, पटियाला के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी बिहार से देसी हथियार लाकर राज्य में आपराधिक गतिविधियों के लिए सप्लाई करते थे। उन्होंने कहा कि आगे की जांच में गैंगवार के संकेत भी मिले हैं, जिसके तहत इलाके में दबदबा कायम करने के लिए गोल्डी ढिल्लों नेटवर्क से जुड़े एक विरोधी अपराधी को निशाना बनाने की योजना बनाई जा रही थी। डीजीपी ने कहा कि मामले में आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए जांच जारी है ताकि पूरे नेटवर्क को खत्म किया जा सके।

ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पटियाला वरुण शर्मा ने बताया कि पुलिस टीमों को पुख्ता सूचना मिली थी कि बिहार निवासी सौरभ कुमार अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर राज्य में टारगेट किलिंग और अन्य गंभीर अपराधों को अंजाम देने के लिए अपराधियों को देसी सेल्फ-लोडिंग पिस्तौल सप्लाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि एसपी इन्वेस्टिगेशन पटियाला गुरबंस सिंह बैंस और डीएसपी हरमन चीमा की निगरानी में सीआईए पटियाला यूनिट और एसएचओ शंभू ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसएसपी ने आगे बताया कि आरोपी सौरभ कुमार बिहार के मुजफ्फरपुर की कुछ अवैध हथियार निर्माण इकाइयों से हथियारों की व्यवस्था करता था और विभिन्न माध्यमों से पंजाब में सप्लाई करता था। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के संपर्क में था और गैंगवार में सक्रिय रूप से शामिल था। इस संबंध में एफआईआर नंबर 50 दिनांक 01-04-2026 को पुलिस स्टेशन शंभू, पटियाला में बीएनएस की धारा 111 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# गैंगस्टरां ते वार का 72वां दिन: पुलिस ने 483 स्थानों पर की छापेमारी; 184 गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत चल रही निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरां ते वार' के 72वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 483 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने 20 जनवरी, 2026 को की थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के पूर्ण समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। आज 72वें दिन पुलिस टीमों ने पांच हथियार बरामद करने के बाद 184 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 18,234 हो गई है।

इसके अलावा 87 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है, जबकि 125 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान पांच भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के 397वें दिन आज 89 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.3 किलो हेरोइन, 2.6 किलो अफीम, 34 किलो भुक्की, 853 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 3050 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके साथ ही केवल 395 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 56,625 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 29 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

# भाजपा कार्यालय पर हमले को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणी अनुचित : अश्वनी

**चंडीगढ़, 02 अप्रैल।** पंजाब प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने गुरूवार को कहा कि यहां भाजपा कार्यालय पर हुए ग्रेनेड हमले के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान की टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसी टिप्पणियाँ मुख्यमंत्री पद पर आसीन व्यक्ति को शोभा नहीं देतीं।

शर्मा ने चंडीगढ़ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में विस्फोट स्थल का दौरा करने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर की मूर्तियों की बेअदबी, सिद्धू मूसेवाला, कबड्डी खिलाड़ियों, व्यापारियों, सरपंचों और पंचों की हत्याएं, दर्जनों थानों और चौकियों पर ग्रेनेड हमले, इंटेलिजेंस मुख्यालय पर आरपीजी हमला, गैंगवार और बड़े पैमाने पर फिरौती जैसी घटनाएं स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है और राज्य को लावारिस छोड़ दिया है।

शर्मा ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान से पूछा कि क्या वे गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे देशविरोधी तत्वों का कर्ज उतार रहे हैं, जिन्होंने 2017 में उनका समर्थन किया था और 2022 में वोटों की अपील करते हुए पत्र लिखा था कि ÷यदि पंजाब में %आप% की सरकार बनती है, तो उनके लक्ष्य को प्राप्त करने की उम्मीदें पुनर्जीवित हो जाएंगी।

# जीएनडीयू कॉलेज पठानकोट में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पठानकोट 2 अप्रैल।** गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी कॉलेज, पठानकोट के प्रांगण में प्राचार्य डॉ. कुलवंत सिंह रंधावा की अध्यक्षता में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पठानकोट के एसपी मनोज ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

खेल दिवस का शुभारंभ मशाल प्रज्वलित करने और ईश्वर वंदना और शब्दगायन से हुई। प्राचार्य डॉ. कुलवंत सिंह रंधावा तथा मुख्य अतिथि एसपी मनोज ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर और आकाश में गुब्बारे छोड़ कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। संबोधन में डॉ. रंधावा ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है। खेलकूद से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है और देशभक्ति की भावना भी



जागृत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भूत और भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान में मेहनत करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि मनोज ठाकुर ने कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

आज की प्रतियोगिताओं में 100 मीटर लड़कों की दौड़, 100 मीटर लड़कियों की दौड़, 200 मीटर लड़कों की दौड़, 200 मीटर लड़कियो की दौड़, नींबू दौड़ प्रतियोगिता, 200 मीटर रिले दौड़, बोरी दौड़, थ्री लेग रेस, टैगऑफ वार इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और दम खम का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात कॉलेज के लेडी सहायक प्रो. की म्यूजिक चेयर गेम भी करवाई गई जिसमें श्रीमती गीतांजलि विजेता रही। इस खेल दिवस मे लड़कियों में मनीषा और लड़कों में कमलप्रीत बेस्ट ऐथलीट रहे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुलवंत सिंह रंधावा और आए हुए मुख्य अतिथि पठानकोट के एसपी मनोज ठाकुर ने इस खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदकों से सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसके बाद प्राचार्य डॉ.कुलवंत सिंह रंधावा ने आए हुए सभी अतिथियों को समृति चिन्ह भेंट करके उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ इस खेल दिवस का समापन किया गया। खेल दिवस के इस विशेष उपलक्ष में कॉलेज के समूह सहायक प्रोफेसर उपस्थित रहे।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजाब के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 12.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज: चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** मजबूत वित्तीय प्रबंधन और निरंतर आर्थिक सुधार को दर्शाते हुए, पंजाब के वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मार्च माह तक शुद्ध वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 12.52 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की। उन्होंने बताया कि राज्य ने मार्च 2026 में वर्ष-दर-वर्ष भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जिसमें शुद्ध जीएसटी संग्रह मार्च 2025 के 1,913.82 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,231.93 करोड़ रुपये हो गया है। यह 318.11 करोड़ रुपये की शुद्ध वृद्धि और 16.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है, जबकि मार्च में एसजीएसटी नकद संग्रह में 18 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। लगभग 7 प्रतिशत की राष्ट्रीय वृद्धि दर की तुलना में यह प्रदर्शन पंजाब को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बड़े राज्यों में शामिल करता है। यहां जारी एक प्रेस बयान में इन आंकड़ों का खुलासा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब ने पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगातार और व्यापक राजस्व वृद्धि दर्ज की है। मार्च तक शुद्ध जीएसटी संग्रह 2024-25 के 23,642.08 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 26,601.12 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें 2,959.04 करोड़ रुपये की ठोस वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा, 'इस निरंतर वित्तीय विस्तार ने पंजाब को राष्ट्रीय औसत से आगे रखते हुए शुद्ध जीएसटी राजस्व में लगभग 6 प्रतिशत अधिक वृद्धि दिलाई, जिससे राज्य एक मजबूत प्रदर्शनकर्ता के रूप में स्थापित हुआ है।'

वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 तीन चरणों वाली राजस्व प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है-शुरुआती मजबूत वृद्धि, जीएसटी 2.0 नीति के कारण आई गिरावट और अंतिम तिमाही में तेज रिकवरी। उन्होंने बताया कि पहले छह महीनों (अप्रैल से सितंबर 2025) में पंजाब ने शुद्ध जीएसटी संग्रह में 2,478.19 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की, जो 23 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। यह राज्य स्तर पर प्रभावी प्रवर्तन और अनुपालन उपायों का परिणाम है।

जीएसटी 2.0 नीति के कारण आयी चुनौतियों को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही में गिरावट आई, जहां शुद्ध संग्रह में 193.04 करोड़ रुपये (-3 प्रतिशत) की कमी दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से केंद्र की नीतिगत बदलावों के कारण थी। इस चरण में लगभग 400 करोड़ रुपये का अनुमानित राजस्व प्रभाव पड़ा। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार के सक्रिय हस्तक्षेप के चलते जनवरी से मार्च 2026 की तिमाही में तेज रिकवरी हुई। इस दौरान कुल संग्रह में 564.97 करोड़ रुपये (9 प्रतिशत) और शुद्ध संग्रह में 669.09 करोड़ रुपये (11 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जिससे पहले आई गिरावट की भरपाई हो गई और विकास की गति फिर से स्थापित हुई।

# मंडियों में गेहूं की फसल की सरकारी खरीद शुरू, किसानों को हर सुविधाएं मिलेंगी : आप

- मंडियों में किसानों को किसी भी तरह की नहीं होगी परेशानी: महिंद्र सिद्धू
- पिछली सरकारों के समय किसानों को कई रातें मंडियों में बितानी पड़ती थीं: सतबीर बख्शीवाला



**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब की मंडियों में गेहूं की फसल की सरकारी खरीद शुरू होने पर किसानों को हर मुमकिन मदद और सुविधाएं देने का भरोसा दिया है। पार्टी नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार द्वारा पिछले चार सालों में कृषि के क्षेत्र में किए गए क्रांतिकारी सुधारों और मौजूदा खरीद सीजन की तैयारियों पर रोशनी डाली।

गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए किसान विंग के चेयरमैन महिंद्र सिंह सिद्धू ने कहा कि मान सरकार ने किसानों के लिए जो किया है, वह ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि सरकार बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के 600 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है, जिसका फायदा किसान परिवारों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार किसानों को कृषि के लिए दिन में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिना रुकावट बिजली मिल रही है, जिससे उन्हें रात में खेतों में नहीं जाना पड़ रहा है। इसके अलावा गांवों के सरकारी स्कूलों का रूप बदलने से किसानों और मजदूरों के बच्चे अब ऊंची शिक्षा हासिल कर बड़े अधिकारी बन रहे हैं।

सिद्धू ने आगे कहा कि किसान विंग को पंजाब की 1896 अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों की खास जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसान विंग के पदाधिकारी सरकारी अधिकारियों से मिलेंगे ताकि यह पक्का किया जा सके कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने आढ़तियों से अपील की कि वे फसल का सही तौल करें और समय पर 'जे-फॉर्म' जमा करें। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए पानी, बिजली और साफ-सफाई का पूरा इंतजाम होगा। किसान विंग के महासचिव सतबीर सिंह बख्शीवाला ने पिछली सरकारों से तुलना करते हुए कहा कि पहले किसानों को मंडियों में तीन-चार रातें बितानी पड़ती थीं, लेकिन मान सरकार में फसल का उठान इतनी तेजी से हो रहा है कि किसान को मुश्किल से एक रात भी रुकना नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उठान प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि सरकारी खरीद आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल से शुरू हो गई है। खराब मौसम के कारण थोड़ी देरी हुई है, लेकिन आने वाले कुछ दिनों में खरीद और आवक में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा घोषित एक नए पायलट प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि खेतों के बीच में खंभों की समस्या को हल करने के लिए मुख्यमंत्री के पैतृक गांव सतोज से यह प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है, जिसे बाद में पूरे पंजाब में लागू किया जाएगा।

## मान सरकार ने नहरी पानी की पहुंच 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 88 प्रतिशत की

नहर के पानी के मुद्दे पर पन्नू ने कहा कि जब मान सरकार ने शपथ ली थी, तब नहर का पानी सिर्फ़ 22 प्रतिशत खेतों तक पहुंचता था, जिसे आज बढ़ाकर 88 प्रतिशत कर दिया गया है। हमारा लक्ष्य इसे 90 प्रतिशत से आगे ले जाना है। पिछली सरकारें सिर्फ़ 'पानी के रखवाले' होने का दिखावा करती थीं, जबकि मान सरकार ने असल में नहर का पानी टेल तक पहुंचाया है। इससे न सिर्फ़ फ़सल की पैदावार बढ़ेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ग्राउंडवाटर भी बचेगा। उन्होंने दोहराया कि मान सरकार का हर कदम पंजाब के किसानों और युवाओं को बचाने के लिए समर्पित है।

# बजट घोषणाओं पर एक महीने में ही तेज अमल, सीएम ने विभागों को कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रशासनिक सचिवों के साथ की अहम बैठक
- मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में मुआवजा बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर प्रशासनिक कार्यशैली में तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री के रूप में बजट प्रस्तुत करने के मात्र एक महीने के भीतर ही बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस पहल शुरू कर दी है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि घोषणाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने वीरवार को ऊर्जा, स्वास्थ्य, राजस्व, आबकारी एवं कराधान, सहकारिता, विकास एवं पंचायत, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा बागवानी विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट में की गई प्रत्येक घोषणा की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुंचे और इसके लिए ग्राम सभाओं की बैठकों में इन पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएं तथा इसकी सूचना सीएमओ कार्यालय को भेजी जाए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि हरियाणा देश का ऐसा अग्रणी राज्य है जहां बागवानी एवं सब्जी फसलों के बाजार मूल्य में अंतर की भरपाई के लिए भावांतर भरपाई योजना के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत किसानों को बीमा का लाभ प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 46 प्रकार की फल, सब्जी और मसाला फसलें शामिल हैं, जिसमें किसानों को मात्र 2.5 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होता है, जबकि शेष राशि सरकार द्वारा वहन की जाती है। मुख्यमंत्री ने अपने बजट अभिभाषण में किसानों को और अधिक राहत देते हुए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत मुआवजा राशि में वृद्धि की घोषणा की है। अब प्राकृतिक आपदाओं के कारण फलों की फसल खराब होने पर मुआवजा 40,000 रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 50,000 रुपए प्रति एकड़ किया जाएगा, जबकि सब्जियों एवं मसालों के लिए यह राशि 30,000 रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 40,000 रुपए प्रति एकड़ कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने 2 मार्च को वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया था और मात्र एक महीने के भीतर ही इसकी घोषणाओं की समीक्षा प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है, जो सरकार की प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी 775 किसान उत्पादक संगठनों की बैठक बुलाई जाए, जिसमें वे स्वयं भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप किसानों को समूह के रूप में संगठित होकर कार्य करना चाहिए, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 10,000 एफपीओ स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत हरियाणा को 172 एफपीओ स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इनमें से कई एफपीओ केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से स्थापित किए जा चुके हैं।

# गेहूं खरीद नीति के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 2 अप्रैल।** शहर में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर संगठन के बैनर तले जिले भर से आए किसानों ने लघु सचिवालय में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार की गेहूं खरीद नीति के नए दिशा-निर्देशों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन से पहले सैकड़ों किसान लघु सचिवालय परिसर के पार्क में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी किसान एकजुट होकर रैली के रूप में डीसी कार्यालय के बाहर पहुंचे और सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने कहा कि नए नियम उनकी समस्याएं बढ़ाने वाले हैं और फसल बेचने में अनावश्यक बाधाएं पैदा करेंगे। यूनियन के प्रधान होशियार गिल प्योदा ने कहा कि इस बार सरकार ने गेहूं खरीद प्रक्रिया में ट्रैक्टर की एंट्री, बायोमेट्रिक सत्यापन और गेट पास प्रणाली लागू की है। यह प्रक्रिया काफी जटिल और समय लेने वाली है, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे मंडियों के बाहर लंबी कतारें लगेंगी और सडकों पर जाम की स्थिति बनेगी। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जो किसान किराए पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आते हैं, उन्हें ज्यादा समय तक मंडी में खड़े रहने के कारण दोगुना किराया देना पड़ेगा, जिससे उनकी लागत और बढ़ जाएगी। किसानों ने मंडियों का समय सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक सीमित रखने के फैसले पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि गेहूं सीजन के दौरान 24 घंटे गेट पास जारी किए जाने चाहिए, ताकि फसल की निर्बाध आवक और बिक्री सुनिश्चित हो सके। किसानों ने उठान प्रक्रिया को तेज करने की भी मांग की, जिससे मंडियों में भीड़ भाड़ कम हो सके।

### आंदोलन की दी चेतावनी

किसान नेताओं होशियार गिल, रमेश और बलवान ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्रदेश में 'ज्ञान भारतम' पांडुलिपि सर्वे, मुख्य सचिव ने दिया समयबद्ध सर्वेक्षण पर जोर

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 2 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने 'ज्ञान भारतम' पहल के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव आज यहां उपायुक्तों, विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर 'ज्ञान भारतम' पहल के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण की समीक्षा कर रहे थे।

श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें भारत की ज्ञान परंपरा के संरक्षण, नवाचार और अनुकूलन को प्रमुख स्तंभ माना गया है। सितंबर 2025 में शुरू किया गया 'ज्ञान भारतम' पोर्टल आधुनिक तकनीक की मदद से सदियों पुरानी पांडुलिपियों की पहचान और संरक्षण के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

श्री रस्तोगी ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि हर जिले में व्यवस्थित और समयबद्ध सर्वे सुनिश्चित किया जाए। इस सर्वे में संस्थानों के साथ-साथ मंदिरों, विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पांडुलिपियों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापक राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार करने के लिए उचित दस्तावेजीकरण, सूचीकरण और मानकीकृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना आवश्यक है।

कार्य योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वेक्षण एक संरचित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। इसमें पांडुलिपियों और संरक्षकों की पहचान, भौतिक सत्यापन एवं स्थिति का आकलन, विस्तृत सूचीकरण और मेटाडाटा तैयार करना, संरक्षण एवं उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटाइजेशन तथा अंत में प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए रिपॉजिटरी स्तर पर सत्यापन शामिल होगा।

तकनीक की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय स्कैनर, मेटाडाटा निर्माण और क्लाउड स्टोरेज के साथ सुरक्षित राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी में डिजिटाइज्ड पांडुलिपियों को अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही प्राचीन ग्रंथों को अधिक सुलभ बनाने के लिए ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन और हैंडरिटन टेक्स्ट रिकग्निशन जैसी उन्नत तकनीकों का भी उपयोग किया जाएगा।

क्षमता निर्माण के महत्व पर बल देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि संरक्षण कार्य के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही प्राचीन लिपियों में विशेष प्रशिक्षण देकर कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की निगरानी में तथा जिला स्तर पर उपायुक्तों की अध्यक्षता में समितियां गठित की गई हैं। उन्होंने प्रगति की निगरानी और समस्याओं के समाधान के लिए नियमित और पखवा?ा समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जून माह तक फील्ड सर्वे पूरा किया जाए। इसके लिए पूर्व-सर्वे समन्वय और निरंतर निगरानी की व्यवस्था की जाए।

जनभागीदारी ब?ाने के लिए मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालयों, सांस्कृतिक और धार्मिक संस्थानों, मीडिया विज्ञापनों तथा विशेषज्ञ नेटवर्क के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेख दान अभियान और धरोहरशास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम जैसी पहलों की भी समीक्षा की। इन पहलों का उद्देश्य स्वैच्छिक अभिलेख दान को प्रोत्साहित करना और छात्रों को अभिलेखीय कार्यो से जो?ना है।

श्री रस्तोगी ने कहा कि इस पहल से व्यापक पांडुलिपि डेटाबेस तैयार होगा, दुर्लभ और लुप्तप्राय पांडुलिपियों की पहचान होगी, जीआईएस आधारित राष्ट्रीय रिपॉजिटरी विकसित होगी और भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा के संरक्षण में संस्थागत और सामुदायिक भागीदारी मजबूत होगी।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री ए.के. सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए, जबकि अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री शेखर विद्यार्थी, निदेशक डॉ. बलप्रीत सिंह, उपनिदेशक अभिलेखागार मंजू यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे ।

# अनाज मंडियों में होगी गेहूं की खरीद शुरू

**पिहोवा।** हालांकि सरकार की ओर से एक अप्रैल से अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू कर दी है ।परंतु फिलहाल अभी तक पिहोवा अनाज मंडी सहित अन्य खरीद केदो में भी कोई गेहूं की फसल नहीं आई ।केवल मात्र हलके के इस्माईलाबाद कस्बा में आज एक ढेरी गेहूं की आई है ।परंतु उसकी भी बोली नहीं हुई। पिहोवा में अभी तक कोई गेहूं नहीं आई ।

वही इस बार सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम भी लागू हो रहे हैं। अनाज मंडी के आढती राकेश बधवार ने बताया कि अभी गेहूं में नमी की मात्रा अधिक है ।यही कारण है कि अभी तक किसान गेहूं लेकर मंडी में नहीं आया ।मौसम की करवट के कारण अभी तक कटाई भी शुरू नहीं हुई।

वही किसान इस बात को लेकर भी चिंता ग्रस्त है की मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक फिर बूंदाबांदी की आशंका जताई है। किसान अभी कटाई शुरू करना भी नहीं चाहता ।राकेश बधवार ने बताया कि गेट पास व फोटोग्राफी के कारण इस बार किसी भी तरह की कोई विवाद फर्जी काम की आशंका नहीं है।

# एएनएम पर गर्भवतियों से मारपीट के आरोप, वीडियो वायरल, घरौंडा उप-स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**घरौंडा, 2 अप्रैल।** घरौंडा के उप-स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के एएनसी कार्ड बनाने को लेकर विवाद सामने आया है। एएनएम गर्भवतियों व उनके परिजनों पर डंडा चलाती हुई नजर आई है। जिसका वीडियो तेजी से वायरल हुआ और वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग से लेकर पूरे शहर में हलचल मचा दी। महिलाओं और उनके परिजनों का कहना है कि एएनएम ने डंडे से हमला किया और थप्पड़ भी मारे, जबकि एएनएम ने इन आरोपों को गलत बताते हुए उल्टा परिवार पर धक्का-मुक्की और खरोंच मारने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद मौके पर हंगामा हुआ और पुलिस को बुलाना पड़ा। इसके साथ ही परिजनों ने अस्पताल एएनएम के खिलाफ नारेबाजी की और उसकी गिरफ्तारी व बर्खास्तगी की मांग की गई।

वीरवार को घरौंडा के आर्य नगर निवासी रूचिन गोयल अपनी भाभी रीतिका पत्नी सचिन को लेकर उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। वहीं नसीब विहार कालोनी निवासी कुलदीप अपनी भाभी ममता पत्नी राजेश कुमार को लेकर एएनसी कार्ड बनवाने आया था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार जब वे सब सेंटर पहुंचे तो एएनएम अपनी सीट पर मौजूद नहीं थी। कुछ देर बाद जब वह आई तो पहले से ही गुस्से में थी। आरोप है कि उसने कार्ड बनाने से मना कर दिया और बहस करने लगी। इसी दौरान मामला बढ़ता चला गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

रूचिन गोयल और कुलदीप ने बताया कि एएनएम ने अपनी कुर्सी के पीछे से डंडा उठाया और उनके ऊपर वार किया। उनका कहना है कि डंडा सीधे कुलदीप को मारने के लिए उठाया गया, लेकिन बचाव के दौरान वह ममता के हाथ में जा लगा। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने इस घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो एएनएम और ज्यादा भड़क गई। उसने कॉलर पकड़ लिया और थप्पड़ भी मारे।

### देवर कुलदीप ने भी लगाए गंभीर आरोप

नसीब विहार कालोनी निवासी कुलदीप ने बताया कि वह कई दिनों से अपनी भाभी का कार्ड बनवाने के लिए चक्कर लगा रहा था। उसने कहा कि एएनएम बार-बार अलग-अलग बहाने बनाकर काम टालती रही। जब उसने वीडियो बनाना शुरू किया तो उस पर डंडे से हमला किया गया। कुलदीप का कहना है कि एएनएम द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह झूठे हैं और उन्होंने किसी तरह की मारपीट नहीं की। उनके पास पूरी घटना की वीडियो मौजूद है।

### एएनएम ने आरोपों को बताया गलत, खुद पर हमले का लगाया आरोप

वहीं एएनएम ममता रानी ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। एएनएम के अनुसार वह सुबह 9 बजे ड्यूटी पर पहुंच गई थी और कुछ समय के लिए उपस्थिति दर्ज कराने और एसएमओ के बुलावे पर बाहर गई थी। जब वह वापस आई तो पहले से आई गर्भवती महिला का कार्ड बनाने की बात कही, लेकिन कुलदीप ने बहस शुरू कर दी।

### 'धक्का दिया और खरोंच मारी, इसलिए उठाया डंडा'

एएनएम का आरोप है कि कुलदीप ने उन्हें धक्का दिया और उसके साथ आई महिला ने नाखून मारकर खरोंचें दीं। उन्होंने बताया कि इसी दौरान स्थिति बिगड़ गई और उन्होंने डंडा उठाया, लेकिन किसी को मारा नहीं। उनका कहना है कि डंडा केवल सुरक्षा के लिए रखा जाता है क्योंकि वहां बंदर आते हैं। एएनएम ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें धमकी दी गई कि इलाके में आने पर गोली मार दी जाएगी।

# भगवान हनुमान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए: माईराम



**राई, 2 अप्रैल।** गांव राई में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें सच्ची निष्ठा, समर्पण और साहस की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हमें भगवान हनुमान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और धार्मिक आस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का समापन भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर जसपाल अंतिल, रविंद्र राई, शेखर अंतिल, कुणाल कौशिक राहुल कौशिक आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस फूट का शिकार तभी होती है क्रॉस वोटिंग: गंगवा

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कांग्रेस करे आत्म मंथन

पंचकूला ऑब्जर्वर




**करनाल, 2 अप्रैल।** करनाल में आयोजित कष्ट निवारण समिति (ग्रीवेंस) की मासिक बैठक में पहुंचे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस मुद्दे पर आत्ममंथन करना चाहिए, क्योंकि पार्टी के भीतर गुटबाजी और विचारों की असमानता के कारण वोट एकजुट नहीं हो पाते। बैठक में कुल 14 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 8 का समाधान कर दिया गया, जबकि 6 मामलों को जांच के लिए लंबित रखा गया। कांग्रेस पर साधा निशाना कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि यह पुराना इतिहास रहा है कि कांग्रेस के वोट एक साथ नहीं पड़ते। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर अलग-अलग नेताओं के गुट बने हुए हैं, जिनके विचार अलग हैं। इसी वजह से क्रॉस वोटिंग जैसी स्थिति पैदा होती है। उन्होंने कांग्रेस को सलाह दी कि वह इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे। बीजेपी की नीतियों का बताया असर क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस विधायकों के बीजेपी के प्रति झुकाव पर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियां ऐसी हैं कि अन्य दलों के नेता भी बीजेपी में आने के इच्छुक हैं। उन्होंने इसे सरकार के कामकाज का परिणाम बताया। आतंकवाद की कड़ी निंदा चंडीगढ़ में बीजेपी कार्यालय के बाहर हुए धमाके की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए रणबीर गंगवा ने इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद किसी भी स्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता, चाहे वह चुनाव से पहले हो या बाद में। इस तरह की घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। विदेश जाने वाले युवाओं को दी सलाह रूस गए भारतीय युवकों को वहां जबरन सेना में भर्ती किए जाने के मुद्दे पर गंगवा ने कहा कि युवाओं को विदेश जाने के लिए केवल सरकारी और कानूनी माध्यम अपनाने चाहिए । शिकायतों पर सुनवाई और समाधान कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 14 शिकायतें पेश की गईं। इनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बाकी 6 मामलों को जांच के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। किताबों की कमी से किया इनकार एनसीईआरटी की पुस्तकों की कमी के सवाल पर रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में किताबों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

# नशा तस्करी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नरवाना, 2 अप्रैल।** जिला जींद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में थाना सदर नरवाना पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप उर्फ दीप्पड़ निवासी चमेला कॉलोनी, नरवाना के रूप में हुई है।

थाना सदर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक कमल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एवीटी स्टाफ जींद की टीम ने अपराध रोकथाम के दौरान गांव मंगलपुर बस अड्डा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक आरोपी को 31.95 ग्राम हेरोइन चिट्टा सहित काबू किया था। इस मामले में थाना सदर नरवाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# हिसार के चार पुलिस कर्मियों को दो-दो साल की सजा

## झूठे मुकदमे में फंसाने का डर दिखा कर मांगे थे नौ लाख

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 2 अप्रैल।** कैथल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तुषार शर्मा ने पुलिसिया लापरवाही के एक मामले में चार पुलिस कर्मियों को दो-दो साल की कैद और 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

इस बारे में प्रदीप कुमार निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल ने थाना ढांड में मुकदमा दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एडीए डॉ रविंद्र सिंह ने की। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता प्रदीप वासी कैथल के छोटे भाई अमरजीत ने उसे बताया था कि उसने डा. संदीप बूरा से 19 लाख तथा डा. अजय पुनिया वासी हिसार से 10 लाख रूपये लेने हैं। इस बात से अमरजीत काफी परेशान था। डा. सन्दीप बूरा ने 9 लाख रूपये का चैक उसके चचेरे भाई कुलदीप के नाम दिया लेकिन वह बाऊंस हो गया।

फिर डा. सन्दीप बूरा ने बदले में गाड़ी लेने के लिए अमरजीत को बुलाया तो उसने अपने साले अमरजीत निवासी दुपेड़ी को गाड़ी लेने के भेजा। संदीप बूरा ने कहा कि गाड़ी डा. अजय पूनिया के पास खड़ी है, वहां से ले लो। अमरजीत वहां से गाड़ी लेकर चल पड़ा लेकिन कुछ ही दूरी पर उसे सीआईए-2 हिसार ने पकड़ लिया और स्टाफ में ले गए। अमरजीत वासी दुपेड़ी ने प्रदीप के भाई अमरजीत को फोन करके बताया कि सीआईए 2 हिसार ने अमरजीत को पकड़ लिया है। सीआईए 2 ने अमरजीत के साथ मारपीट की और कहा कि तूने 18 लाख का घपला किया है, नौ लाख दे दो हम केस रफा दफा कर देंगे। प्रदीप वगैरा पैसों का इंतजाम कर रहे थे तो उन्हें पता चला कि उसके भाई अमरजीत ने बस के नीचे कूद कर आत्महत्या कर ली है। आरोप है कि अमरजीत ने सीआईए-2 हिसार से परेशान होकर आत्महत्या की है।

ढांड पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया लेकिन संदीप बूरा, अजय पुनिया और राम मेहर को जांच में केस से बाहर निकाल दिया। ढांड पुलिस ने सीआईए 2 हिसार के एएसआई फूल सिंह, एचसी मक्खन लाल और बलजीत तथा सिपाही जगत के खिलाफ चार्ज शीट अदालत में पेश कर दी।

जेएमआईसी तुषार शर्मा ने दोनों पक्षों को गौर से सुनने के बाद अपने 17 पन्ने के फैसले में एएसआई फूल सिंह, हेड कांस्टेबल मक्खन लाल और बलजीत सिंह तथा सिपाही जगत सिंह को लापरवाही का दोषी पाया तथा दो-दो साल की सजा और व 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। मुकदमे में कुल 21 गवाह पेश किए गए।

# कालीदास 2 को मिला यू/ए सर्टिफिकेट, 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी थ्रिलर फिल्म

फिल्म इंडस्ट्री में जब भी किसी हिट फिल्म का सीक्वल आता है, तो दर्शकों की उत्सुकता अपने आप बढ़ जाती है। ऐसी ही एक फिल्म है कालीदास 2, जो अपने पहले पार्ट की सफलता के बाद अब दर्शकों के बीच वापसी करने जा रही है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है और अब इसे लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। दरअसल, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दे दिया है। इसका मतलब है कि फिल्म अब सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है और इसे परिवार के साथ देखा जा सकता है, हालांकि बच्चों के लिए अभिभावकों की सलाह जरूरी होगी। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। यह फिल्म 3 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।




फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में एक और खास अपडेट शेयर किया था, जिसमें अभिनेता किशोर का फर्स्ट लुक सामने आया था। इस फिल्म में वह पांड्या नाम के किरदार में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका लुक काफी खतरनाक और रहस्यमयी दिखाया गया है। मेकर्स ने उनके किरदार को रॉ, रफ और अनप्रिडिक्टेबल करार दिया।

यह फिल्म सालों पहले आई सुपरहिट फिल्म कालीदास का दूसरा पार्ट है। इसे के.सेंथिल और डॉ. एन योगेश्वरन ने प्रोड्यूस किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म को भी सेंथिल ने ही लिखा और डायरेक्ट किया है, जिन्होंने पहले पार्ट को भी बनाया था। ऐसे में दर्शकों को उम्मीद है कि यह फिल्म भी उतनी ही दमदार होगी।

फिल्म में भरत और अजय कार्थी लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा, भवानी श्री, संगीता और टीएम कार्तिक समेत कई कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। संगीता लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं, जो दर्शकों के लिए एक अलग ही रोमांच लाएगा। फिल्म के टीजर की बात करें तो, यह डरावने और भावनात्मक सीन से भरपूर है। टीजर में देखा जा सकता है कि भरत एक पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं; उनको एक महिला का फोन आता है, जो काफी डरी हुई है और उनसे मदद की गुहार लगा रही है।

टीजर में एक वॉयसओवर भी सुनाई देता है, इसमें कहा गया है कि हर अपराध की सजा होती है, लेकिन कुछ मामलों में सजा किसी बाहरी ताकत से नहीं, बल्कि अलग तरीके से मिलती है।

# फिल्म रामायण के प्रोमो को सेंसर बोर्ड ने दिखाई हरी झंडी, कुल अवधि 2 मिनट 38 सेकंड



रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में, निमार्ता नमित मल्होत्रा ने आधिकारिक ऐलान किया था कि फिल्म में श्रीराम बने रणबीर की पहली झलक को हनुमान जयंती के अवसर पर जारी किया जाएगा। हालिया अपडेट के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने प्रोमो को हरी झंडी दिखा दी है और इसकी अवधि का खुलासा हो गया है। आइए जानते हैं कि प्रोमो में किन-किन किरदारों की पहली झलक दिखेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, रामायण के प्रोमो को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने हरी झंडी दिखा दी है। इसकी कुल अवधि 2 मिनट 38 सेकंड है। सूत्रों की मानें तो, यह झलक 2 अप्रैल, यानी हनुमान जयंती पर सुबह 10:30 से 11:30 बजे के बीच जारी की जाएगी। प्रोमो में मुख्य फोकस रणबीर पर रखा जाएगा जो फिल्म में भगवान श्रीराम के किरदार को जीवंत कर रहे हैं। वह पहली बार किसी पौराणिक फिल्म का हिस्सा बने हैं।

रणबीर के अलावा, प्रोमो में साई पल्लवी की पहली झलक को दिखाया जाएगा जो माता सीता के किरदार में हैं। इसके अलावा, भगवान हनुमान के रूप में सनी देओल और रावण के किरदार में यश की झलक को पेश किया जाएगा। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण, भारतीय सिनेमा में बन रही सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। दिवाली, 2026 को यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वहीं महाकाव्य का दूसरा भाग दिवाली, 2027 में रिलीज किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर को पर्दे पर दिखाएंगे विवेक अग्निहोत्री, भूषण कुमार के साथ मिलाया हाथ

अप्रैल, 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस नापाक हरकत को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई की, जिसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम मिला। निमार्ता विवेक अग्निहोत्री और भूषण कुमार की टी-सीरीज कंपनी इसी पर फिल्म बनाने जा रही है। यह फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस टाइनी ढिल्लों (सेवानिवृत्त) की किताब ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान पर आधारित होगी।




अग्निहोत्री ने बताया कि यह कहानी जरूरी है, और समय की मांग भी है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा ऐसी कहानियां बताने में यकीन रखता हूं जो थोड़ी असहज हों, लेकिन जरूरी भी हों। मेरी कोशिश है कि इस कहानी को पूरे सच के साथ दिखाया है, जिसमें बहादुरी, रणनीति और पेशेवर रवैया सब नजर आए, साथ ही यह एक रोमांचक फिल्म बने। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के जरिए होगा। अग्निहोत्री ने आगे कहा कि फिल्म का उद्देश्य साहस और व्यावसायिकता की कहानी दिखाना है। उन्होंने कहा, मेरा मकसद शोर मचाना नहीं, बल्कि तथ्यों, स्पष्टता और सिनेमा के जादू से उसका सामना करना है। इससे पहले, उन्होंने बताया था कि वह बड़े राष्ट्रवादी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, लेकिन तब उन्होंने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया था। बता दें, फिल्म के कलाकारों और रिलीज तारीख को लेकर अभी और जानकारी सामने नहीं आई है।



# 'कांतारा फेम एक्ट्रेस सप्तमी गौड़ा पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'उग्रयुद्धम में आएंगी नजर! बड़े लेवल पर हो रही फिल्म की तैयारी

सप्तमी गौड़ा ने अपने करियर की शुरूआत डायरेक्टर सूरी की फिल्म 'पॉपकॉर्न मंकी टाइगर से की थी। इसके बाद उन्हें ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा से बड़ी पहचान मिली। इस फिल्म के बाद उन्होंने हिंदी और तेलुगु फिल्मों में भी काम करना शुरू कर दिया है। अब उनकी अगली फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है। एक्ट्रेस सप्तमी गौड़ा जल्द ही एक्टर श्रीमुरली के साथ आने वाली पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'उग्रयुद्धम में नजर आ सकती हैं। फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक सप्तमी को इस फिल्म में फीमेल लीड के तौर पर कास्ट किया गया है। इस फिल्म को डेब्यू डायरेक्टर पुनीत रुद्रनाग डायरेक्ट कर रहे हैं, वहीं इसे जयाराम देवसमुद्रा सुरम मूवीज के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है और इसमें इतिहास और फिक्शन देखने को मिलेगा। कहानी लगभग 500 साल पहले के समय पर आधारित बताई जा रही है। यह पहली बार होगा जब सप्तमी गौड़ा और श्रीमुरली एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। श्रीमुरली ने 'उग्रयुद्धम को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है और अपने किरदार के लिए वह खास तैयारी भी कर रहे हैं। खबर है कि वह इस फिल्म में एक नए लुक में नजर आएंगे, जो फिल्म के ऐतिहासिक माहौल के मुताबिक होगा। फिलहाल सप्तमी के रोल को लेकर ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हाल ही में 'द राइज ऑफ अशोका में नजर आने के बाद 'उग्रयुद्धम उनकी फिल्मों की लिस्ट में एक बड़ा प्रोजेक्ट मानी जा रही है। फिल्म की टेक्निकल टीम में सिनेमैटोग्राफर संकेथ (मैसूर), आर्ट डायरेक्टर अमर और वीएफएक्स का काम निर्मल कुमार संभाल रहे हैं, जो 'सलार में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

'उग्रयुद्धम के अलावा सप्तमी गौड़ा एक और पीरियड फिल्म 'हलागली में भी नजर आएंगी, जिसे सुकेश नायक डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें धनंजय भी उनके साथ हैं। इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल जारी है।

# धुरंधर 2 की सुनामी के आगे मामूली बजट की फिल्म आडू 3 ने कर डाली बंपर कमाई, 11 दिनों में 100 फीसदी से ज्यादा है प्रॉफिट

जयसूर्या की फिल्म आडू 3 बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है. ये साल 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन चुकी है. दिलचस्प बात ये है कि इस फैंटेसी कॉमेडी को सिर्फ 10 दिनों में ही हिट का दर्जा मिल गया था और ये अब प्रकंबनम के साथ मुनाफा



कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. इसी के साथ चलिए यहां जान लेते हैं कि इस फिल्म ने रिलीज के 11 दिनों में देश और दुनियाभर में कितना कलेक्शन कर डाला है?

आडू 3 - वन लास्ट राइड (पार्ट 1) में जयसूर्या मुख्य भूमिका में हैं. ये फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है. यहां तक कि रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर 2 के तूफान के आगे भी ये देश और दुनियाभर में खूब नोट पीट रही है.

बता दें कि अपने शुरूआती हफ्ते में इस फिल्म ने भारत में 37 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके बाद, फिल्म ने अपने दूसरे शुक्रवार को 1.60 करोड़ रुपये और शनिवार को 2.30 करोड़ रुपये कमाए. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दूसरे संडे यानी 11वें दिन 2.65 करोड़ का कलेक्शन किया है. जिसके बाद इसकी भारत में कुल नेट कमाई अब 43.01 करोड़ हो गई है. इसके साथ ही, भारत में फिल्म का कुल ग्रॉस कलेक्शन 49.75 करोड़ रुपये हुआ है। विदेशों में, फिल्म ने 11वें दिन 1.00 करोड़ का कलेक्शन किया, जिससे इसका कुल विदेशी ग्रॉस कलेक्शन अब तक 60.15 करोड़ तक पहुँच गया है और वर्ल्डवाइड इसने 109.90 करोड़ का कलेक्शन कर डाला है.

आडू फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म कथित तौर पर 20 करोड़ के बजट पर बनी है. रिलीज के 11 दिनों में, इसने अपनी लागत से दोगुना से भी ज्यादा कमाई की है, जिससे इसे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हिट का दर्जा मिल गया है. वहीं फिल्म के मुनाफे की बात करें तो आडू 3 ने अब तक 115.05त्न का मुनाफा कमाया है. यह 2026 की दूसरी सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली मॉलीवुड फिल्म है. इससे आगे सिर्फ गणपति एस पोदुवल और सागर सूर्या की फिल्म प्रकंबनम है जिसने 284त्न का मुनाफा कमाया है।

# सौम्या टंडन ने ग्रीन गाउन में बिखेरा जलवा, अभिनेत्री के ग्लैमरस लुक ने लगाई आग

एक्ट्रेस सौम्या टंडन एक बार फिर अपने स्टाइल और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में आ गई हैं. हाल ही में वो अपनी फिल्म धुरंधर 2 में रहमान डकैत की पत्नी उल्फत के किरदार में नजर आई थी, जिसमें उनकी खूब तारीफ हुई. इसी बीच सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लुक देखने को मिल रहा है. फैंस उनकी इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। इन फोटोज में सौम्या ने डार्क ग्रीन



रंग का खूबसूरत गाउन पहना है. गाउन का डिजाइन बहुत यूनिक है, जो उनके लुक को अलग और खास बना रहा है.

उनकी ड्रेस का वन-शोल्डर पैटर्न और डिजाइन उनके लुक को बोल्ड और मॉडर्न बना रहा है. यह स्टाइल उनके फिगर को भी खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा है।

सौम्या ने अपने बालों को साइड पार्टिंग के साथ खुला रखा है, जिसमें हल्के वेव्स दिए गए हैं. यह हेयरस्टाइल उनके चेहरे पर बहुत सॉफ्ट और क्लासी लुक दे रहा है। उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश ईयररिंग्स और रिंग्स के साथ इसे बैलेंस किया है. उनकी ज्वेलरी सिंपल होते हुए भी काफी एलिगेंट लग रही है और उनके ग्लैम को बढ़ा रही है.

मेकअप की बात करें तो उन्होंने सॉफ्ट आई मेकअप, हल्का ब्लश और ग्लॉसी लिप्स रखा हैं. उनका यह मेकअप उन्हें बहुत फ्रेश और नेचुरल ग्लो दे रहा है। फोटो में उनका पोज बहुत ही कॉन्फिडेंट और ग्रेसफुल है, जिसे आप किसी भी फंक्शन में आसानी से पहन सकते है। सौम्या का यह पूरा लुक क्लास और ग्लैमर का शानदार मेल है. न ज्यादा हैवी और न ज्यादा सिंपल, हर चीज बैलेंस है, जो उन्हें अट्रैक्टिव बना रही है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com